लिए मात्र एक टिकट बिका है और दो वाइट हाउस में भी स्क्रीनिंग हुई थी।

'एआइ फॉर ऑल' के साथ भारत बने वैश्विक केंद्र : पीएम मोदी

नई दिल्ली @ पत्रिका. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर भारतीय एआइ स्टार्टअप्स, उद्योग प्रमुखों और विशेषज्ञों के साथ गोलमेज बैठक की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) के उपयोग में नैतिकता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने पारदर्शी, निष्पक्ष और सुरक्षित एआइ इकोसिस्टम विकसित करने पर जोर देते हुए कहा कि भारत का एआइ तंत्र देश के चरित्र और मूल्यों को प्रतिबिंबित करे। उन्होंने एआइ स्किलिंग और प्रतिभा निर्माण को समय की जरूरत बताया। पीएम मोदी ने स्वदेशी समाधानों के अधिक उपयोग पर बल देते हुए उद्योग जगत से भारत को वैश्विक एआइ प्रयासों का प्रमुख गंतव्य बनाने की अपील की। बैठक में विप्रो, टीसीएस, एचसीएल टेक, जोहो, एलटीआई माइंडट्री, जियो प्लेटफॉर्म्स, अडानीकनेक्स, एनएक्सट्रा डेटा और नेटवेब टेक्नोलॉजीज के सीईओ, साथ ही आइआइआइटी हैदराबाद, आइआइटी मद्रास और आइआइटी बॉम्बे के विशेषज्ञ शामिल हुए।